## खबर संक्षेप

### हाथियों के आतंक से त्रस्त किसान, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने किया जन आंदोलन

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी तहसील के जगमल सेजहरी गांव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने शनिवार को हाथियों के बढ़ते आतंक के खिलाफ जन आंदोलन किया। इस दौरान पार्टी के संस्थापक दादा हीरासिंह मरकाम की पांचवी पुण्यतिथि भी मनाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि बीते तीन वर्षों से बाणसागर, बुड़वा और ब्यौहारी क्षेत्र में जंगली हाथियों का झुंड कहर बरपा रहा है। खेतों की फसलें रौंदी जा रही हैं, घर तोड़े जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन मौन है। आंदोलन के दौरान किसानों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया और तुरंत मुआवजा देने तथा हाथियों को सुरक्षित क्षेत्र में रेस्क्यू करने की मांग की।पार्टी जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह कुशराम ने कहा कि किसान अब आर्थिक संकट में हैं, जबकि प्रशासन केवल सर्वे कर कर्तव्य पूरा मान रहा है। वहीं युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय सिंह पेंड्रो ने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन उग्र रूप लेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि हाथियों के हमले नहीं रुके और मुआवजा नहीं मिला, तो वे सडक़ पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे। आंदोलन का समापन राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर किया गया।

### भालू के हमले में महिला की दर्दनाक मौत

**दो घंटे तक शव के पास बैठा रहा हिंसक भालू**

**शहडोल।** जिले के दक्षिण वन मंडल अंतर्गत केशवाही वन परिक्षेत्र के ग्राम मझटोलिया में सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। ग्राम निमहा टोला निवासी 42 वर्षीय गुड्डी यादव पर जंगल में मवेशी चराते समय भालू ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भालू ने महिला पर झाडिय़ों से निकलकर अचानक हमला किया और शव को जंगल के भीतर घसीट ले गया। जब ग्रामीणों ने मशालें लेकर तलाश की तो देखा कि भालू मृत महिला के शव के पास बैठा हुआ था और बार-बार उसके चारों ओर घूम रहा था। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए मशालों और शोर से भालू को भगाया, इसके बाद शव को बाहर निकाला गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही शुरू की। वन मंडलाधिकारी श्रद्धा पंद्रे ने बताया कि घटना के समय कुछ ग्रामीण मवेशी चराने जंगल गए थे, उसी दौरान भालू के हमले में महिला की मौत हो गई, आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि केशवाही और आसपास के इलाकों में पिछले कुछ हफ्तों से भालुओं की गतिविधि बढ़ी है, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत है। लोग वन विभाग से सुरक्षा के ठोस इंतज़ाम की मांग कर रहे हैं।

### अंतरजिला वन्यजीव तस्करी का भंडाफोड़

**पेंगोलिन की खाल के साथ 10 शिकारियों की गिरफ्तारी, जीवित कछुआ बरामद**

**शहडोल।** दक्षिण वन मंडल शहडोल की विशेष टीम ने अंतरजिला स्तर पर सक्रिय वन्यजीव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 10 शिकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 1.643 किलोग्राम पेंगोलिन की स्केल्स (खाल) और एक जीवित कछुआ बरामद किया गया है। डीएफओ श्रद्धा पेंड्रो के निर्देशन में गठित टीम ने जैतपुर वन क्षेत्र के बीट देवरी में सोन नदी पुलिया के पास दबिश दी, जहां आरोपी खाल की अवैध बिक्री की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपियों में ईस्ताक मोहम्मद, दीपक द्विवेदी, शंकर उर्फ गोलू दहायत, सुशीत अधिकारी, लक्ष्यपत सिंह गोंड, अर्जुन सिंह, मार्को चैन सिंह, गेंद सिंह और बीरन सिंह परस्ते शामिल हैं। वन विभाग ने मौके से जाल, औजार और शिकार उपकरण भी जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह पेंगोलिन की खाल को बाहरी नेटवर्क के जरिए बेचने की योजना बना रहा था। सभी आरोपियों पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएफओ श्रद्धा पेंड्रो ने कहा कि यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी वन्यजीव तस्करी पकड़ मानी जा रही है।

## किसानों की पीड़ा पर भाजपा किसान मोर्चा ने उठाई आवाज

# लगातार बारिश से बर्बाद हुई धान की फसल

### जिलाध्यक्ष रविकांत त्रिपाठी ने कलेक्टर से की तत्काल सर्वे की मांग

शहडोल





जिलेभर में हो रही लगातार बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। दीपावली के बाद जब किसानों ने खेतों में खड़ी धान की फसल की कटाई शुरू की थी, तभी 27 अक्टूबर से शुरू हुई लगातार बारिश ने पूरे इलाके की फसलों को तबाह कर दिया। खेतों में कटकर रखी फसल सड़ रही है, पानी भर जाने से धान अंकुरित हो चुका है और हजारों किसानों का आर्थिक नुकसान हो गया है। इस गंभीर परिस्थिति में किसानों की आवाज बनकर सामने आए हैं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविकांत त्रिपाठी, जिन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित किसानों के लिए तत्काल राहत और मुआवजे की मांग की है।

#### किसानों की स्थिति बेहद गंभीर

ज्ञापन में श्री त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र के किसानों की स्थिति बेहद गंभीर है, खेतों में धान कटकर पड़ी है, पानी भरने से पूरी फसल अंकुरित होकर बर्बाद हो रही है। किसानों की मेहनत, पूंजी और उम्मीदें सब इस बारिश की भेंट चढ़ गई हैं। उन्होंने कलेक्टर से मांग की कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्व विभाग, कृषि विभाग और बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों की संयुक्त टीम गठित की जाए, जो गांव-गांव जाकर सर्वे करे और नुकसान का सटीक मूल्यांकन तैयार करे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हर संकट की घड़ी में किसानों के साथ खड़े होकर राहत दी है। इस बार भी कोई किसान अपने नुकसान की भरपाई से वंचित नहीं रहेगा, लेकिन प्रशासन को चाहिए कि वह तेजी से सर्वे कराकर नुकसान का सही आकलन करे, ताकि समय पर मुआवजा मिल सके।

#### धान बेचने की स्थिति ही नहीं

श्री त्रिपाठी ने कहा कि कृषि बीमा योजना और राज्य आपदा राहत कोष के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए, क्योंकि किसानों की फसल का नुकसान सिर्फ उनकी आय नहीं, बल्कि उनके परिवारों की आजीविका का सवाल है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि जिले के ग्रामीण अंचलों ब्यौहारी, जयसिंहनगर, गोहपारू, सोहागपुर, बुढ़ार और आस-पास के इलाकों में हजारों एकड़ फसलें प्रभावित हैं। जिन किसानों की फसल कट चुकी थी, उनकी फसल खेतों में सड़ रही है, जबकि जिनकी फसल खड़ी थी, वह पूरी तरह गिर चुकी है। उन्होंने कहा कि कई किसानों ने तो ट्रैक्टर या मजदूरों को भुगतान भी कर दिया था, लेकिन अब धान बेचने की स्थिति ही नहीं बची।

#### भाजपा केवल सत्ता की राजनीति नहीं करती

किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा किसान की मेहनत मिट्टी में मिल जाए और अधिकारी फाइलों में बैठे रहें, यह भाजपा सरकार में नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने साफ कहा है कि किसान का हक किसी भी कीमत पर छीना नहीं जाएगा। हम किसानों के साथ खड़े हैं और हर स्तर पर उनकी लड़ाई लड़ी जाएगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री को भी भेजी गई है। भाजपा किसान मोर्चा का यह कदम किसानों के बीच एक मजबूत संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि भाजपा केवल सत्ता की राजनीति नहीं करती, बल्कि किसानों के संघर्ष में साझेदार बनकर उनके साथ खड़ी होती है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि विपक्ष सिर्फ बयानबाजी कर रहा है, जबकि भाजपा सरकार ज़मीनी स्तर पर राहत कार्य शुरू कर चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पहले ही सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं कि बारिश से हुई फसल क्षति का तत्काल सर्वे कराकर रिपोर्ट भेजी जाए। राहत कोष से सहायता राशि स्वीकृत करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

#### लापरवाही-भेदभाव बरदाश्त नहीं

श्री त्रिपाठी ने कहा भाजपा की सोच स्पष्ट है, किसान देश का अन्नदाता है और जब अन्नदाता संकट में है, तो सरकार को केवल औपचारिकता नहीं करनी चाहिए, बल्कि संवेदना और संकल्प के साथ काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री स्वयं किसानों के मुद्दों पर संवेदनशील हैं और यह उनका स्पष्ट निर्देश है कि हर प्रभावित किसान को न्याय मिलना चाहिए। श्री त्रिपाठी ने अधिकारियों से यह भी कहा कि सर्वे में किसी प्रकार की लापरवाही या भेदभाव बरदाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि जिन किसानों की फसलें खेतों में सड़ रही हैं, उनकी तत्काल वीडियो रिकॉर्डिंग करवाई जाए ताकि नुकसान का सटीक दस्तावेज तैयार हो सके और किसानों को उनकी हक की भरपाई जल्द मिल सके।

#### सरकार की नीतियां किसानों का उत्थान

ग्रामीण अंचलों के किसान अब भाजपा किसान मोर्चा की इस पहल से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई करेगा। किसानों ने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन मिलकर राहत पहुंचाते हैं, तो यह उनके लिए नई उम्मीद की फसल होगी। भाजपा किसान मोर्चा की यह पहल न केवल किसानों के हित की आवाज है, बल्कि यह यह भी दर्शाती है कि मोदी और मोहन सरकार की नीतियां किसानों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कितनी तेजी से सर्वे कराकर किसानों को राहत पहुंचाता है, क्योंकि फिलहाल, खेतों में फसलें नहीं, किसानों की उम्मीदें डूब रही हैं।

## नशे के कारोबार पर करारी चोट

# 16 बोतल नशीली कफ सिरप के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज़ी से जारी है। पुलिस अधीक्षक विजय भगवानी के निर्देशन में धनपुरी थाना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आदतन अपराधी शुभम तिवारी को 16 बोतल नशीली कफ सिरप ओनरेक्स के साथ गिरफ्तार किया है।



सूत्रों के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी धनपुरी कॉलोनी के पीछे झाडिय़ों में नशीली कफ सिरप की बिक्री करने वाला है। इस पर थाना प्रभारी खेमलाल पैजने ने उप निरीक्षक नितिन खरेशिया सहित टीम गठित कर दबिश दी और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी में कफ सिरप की 16 बोतलें, 3,224 रुपये नकद और मोबाइल फोन बरामद हुए। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी लालम उर्फ खलील के साथ मिलकर लंबे समय से अवैध दवा व्यापार कर रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/22 एवं ड्रग कंट्रोल अधिनियम 5/13 के तहत मामला दर्ज किया है। एसपी विजय भगवानी ने कार्रवाई करने वाली टीम की सराहना करते हुए कहा कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, समाज को इस जहर से मुक्त कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## एकता और देशभक्ति का उमड़ा जनसैलाब

# लौह पुरुष की जयंती पर निकली भव्य रैली







**शहडोल।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार पटेल स्मारक संस्थान शहडोल की ओर से मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। संस्थान के संरक्षक शिवकुमार पटेल के नेतृत्व में शहर में विशाल महारैली निकाली गई, जिसने जनमानस में देशभक्ति और एकता का संदेश दिया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कोटमा तिराहा स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल तक पहुंची, जहां उपस्थित जनसमूह ने माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे आयोजन में सरदार पटेल अमर रहें और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारे गूंजते रहे।

रैली के बाद पटेल नगर स्थित पटेल हॉस्टल परिसर में एक भव्य सभा आयोजित की गई, जिसमें पूर्व विधायक श्रीमती विद्यावती पटेल रीवा, डॉ. जी.डी. सिंह डेंटल सर्जन, मुद्रिका सिंह अतिरिक्त सीईओ, जिला पंचायत शहडोल और संरक्षक शिवकुमार पटेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को देशप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन, उनकी राष्ट्रनिर्माण में भूमिका और भारत की एकता में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति आज भी देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सभा के बाद सामूहिक भोज का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने सहभागिता की। आयोजन में आर.के. पटेल, दीपक सिंह, लकी पटेल, प्रदीप पटेल और अजय पटेल ने प्रमुख भूमिका निभाई। इसके साथ ही अनूपपुर और उमरिया जिलों से भी बड़ी संख्या में पटेल समाज के सदस्य शामिल हुए, जिन्होंने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

# हॉस्टल में दूषित भोजन से 15 से अधिक छात्राएं बीमार



### भोजन में बाल और कीड़े मिलने का आरोप

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी विकासखंड के ग्राम खडहुली स्थित शासकीय मॉडल स्कूल बालिका छात्रावास में शुक्रवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रात का भोजन करने के कुछ ही देर बाद 15 से अधिक छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उल्टी, दस्त और खुजली की शिकायत के बाद छात्राओं को तत्काल सिविल अस्पताल ब्यौहारी में भर्ती कराया गया, जबकि कुछ छात्राओं का उपचार हॉस्टल में ही किया गया।



जानकारी के अनुसार, छात्राओं को रात में चावल, बरबरी और आलू-गोभी की सब्जी परोसी गई थी। खाना खाने के बाद ही कई बच्चियों को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। सूत्रों के मुताबिक, भोजन में बाल और कीड़े पाए गए, जिससे छात्राओं में घबराहट फैल गई। घटना की खबर लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और खाना वितरण व्यवस्था में लापरवाही को लेकर जमकर हंगामा किया। स्थिति की गंभीरता देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। डॉक्टरों ने बताया कि फिलहाल सभी छात्राएं खतरे से बाहर हैं और इलाज जारी है। परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने छात्रावास प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हॉस्टल में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता लंबे समय से खराब है। पहले भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। 100 शीटर इस बालिका छात्रावास में लापरवाही की यह घटना प्रशासनिक तंत्र की पोल खोलती है। लोगों का सवाल है कि नियमित निरीक्षण और निगरानी के बावजूद छात्राओं के स्वास्थ्य से ऐसा खिलवाड़ क्यों हो रहा है? फिलहाल मामले की जांच की जा रही है, लेकिन यह घटना सरकारी छात्रावासों में भोजन आपूर्ति व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

#### इनका कहना है...

हॉस्टल की छात्रों ने रात का खाना खाने के बाद शरीर में खुजली की शिकायत की थी। 15 गंभीर बच्चियों को ब्यौहारी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, शेष बच्चियों का इलाज हॉस्टल में ही किया जा रहा है। बच्चियों को खुजली क्यों हो रही है यह जांच के बाद ही पता लग पाएगा।

**ब्रह्मानंद श्रीवास्तव**
बीईओ, ब्यौहारी

# 13 साल की मासूम के साथ हैवानियत

### 7 माह का गर्भ मिला, आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 65 वर्षीय अधेड़ ने पड़ोस में रहने वाली 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किया, जिससे मासूम गर्भवती हो गई। डॉक्टरों की जांच में खुलासा हुआ कि पीड़िता के गर्भ में सात माह का भ्रूण पल रहा है। इस सनसनीखेज खुलासे के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी अधेड़ ने 16 मार्च को बच्ची को घर पर काम करने के बहाने बुलाया और मौका पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, यही नहीं उसने कुछ दिनों बाद फिर से बच्ची को बहलाकर घर बुलाया और उसके साथ दूसरी बार भी दुराचार किया, डर और शर्म के कारण पीड़िता लंबे समय तक किसी को कुछ नहीं बता पाई, बीते दिनों जब बच्ची की तबीयत बिगड़ी, तब परिवार को शक हुआ, परिजनों द्वारा जांच कराए जाने पर नाबालिग के गर्भवती होने का चौंकाने वाला सच सामने आया, इसके बाद परिजन तुरंत सोहागपुर थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

वही इस मामले में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय शहडोल डॉ राघवेंद्र द्विवेदी ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले एक 65 वर्षीय वृद्ध पड़ोस में रहें वाली एक नाबालिग से को घर बुलाकर दुराचार किया, जिससे वह प्रेग्नेंट हो गई है, पीड़िता की शिकायत पर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## बैटमिंटन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**शहडोल।** *लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार संभागीय मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में संभाग स्तरीय बैटमिंटन चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एपीसी अरविंद पाण्डेय ने बताया कि चयन प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी 1 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक छिंदवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय बैटमिंटन प्रतियोगिता में सहभागिता निभाएंगे।*

# कबाड़ के अवैध कारोबार ने खोली शहडोल-अनूपपुर पुलिस की पोल

## अनूपपुर के कबाड़ सरगना जानू का फिर उजागर हुआ नेटवर्क





### घुनघुटी चौकी की कार्रवाई से हडक़ंप, कबाड़ की आड़ में लाखों का अवैध लोहा जब्त

**उमरिया।** कबाड़ के नाम पर चल रहे अवैध कारोबार का ऐसा नेटवर्क सामने आया है जिसने न केवल अनूपपुर बल्कि पूरे शहडोल संभाग की पुलिस व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। उमरिया जिले की घुनघुटी चौकी पुलिस ने बीती रात एक बड़ा खुलासा करते हुए अवैध कबाड़ से लदे ट्रक को पकड़ा, जिससे लाखों रुपये का लोहा बरामद किया गया है। इस कार्रवाई ने जहाँ उमरिया पुलिस की सतर्कता और सक्रियता को साबित किया है, वहीं अनूपपुर और शहडोल जिले की पुलिस की लापरवाही और मिलीभगत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अनूपपुर जिला मुख्यालय के पटौरा टोला क्षेत्र से एक ट्रक में कबाड़ लोड कर चोरी-छिपे उमरिया की ओर रवाना किया गया था। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी कोमल दीवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रात में ही दबिश देकर वाहन को पकड़ा। जब ट्रक की तलाशी ली गई तो पुलिस दंग रह गई, ऊपर से कबाड़ और प्लास्टिक गेट की आड़ में नीचे लाखों रुपये का अवैध लोहा छिपाकर ले जाया जा रहा था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यह कबाड़ अनूपपुर जिले से लोड होकर जबलपुर भेजा जा रहा था। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, और अब यह पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क में किन सफेदपोशों और पुलिस अधिकारियों की भूमिका है।

#### कबाड़ सम्राट जानू का साम्राज्य और पुलिस की चुप्पी

अनूपपुर जिले में कबाड़ का साम्राज्य चलाने वाला जानू कबाड़ी कोई नया नाम नहीं है। अमलाई, चचाई, राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक, कोतमा, भालूमाड़ा, जमुना, बिजुरी और अनूपपुर मुख्यालय सहित करीब 20 से अधिक ठीहे वह वर्षों से संचालित कर रहा है। यह नेटवर्क 100 से ज्यादा बेरोजगार युवकों को पैसे का लालच देकर चोरी के कबाड़ की खरीद-फरोख्त में लगाता है। पुलिस और प्रशासन की आँखों के सामने यह पूरा खेल चलता है, लेकिन कार्रवाई केवल कागज़ों तक सीमित रहती है। जानू के अनूपपुर मुख्यालय में दो बड़े ठीहे, भारत ज्योति विद्यालय के पास और साँधा के पास है, जो खुलेआम संचालित हैं। पूर्व में कई बार पुलिस ने कार्यवाही कर ट्रकों समेत लाखों का कबाड़ जब्त किया, लेकिन कुछ दिन बाद सब वैसा ही हो जाता है। जानकारों का कहना है कि जानू का नेटवर्क इतना मजबूत है कि पुलिस की हर कार्रवाई की भनक पहले से उसे मिल जाती है। यही कारण है कि आज तक उसके खिलाफ जिलाबद्र या स्थायी सीलिंग की कार्रवाई नहीं की गई।

#### शहडोल और अनूपपुर पुलिस पर उठे सवाल

उमरिया पुलिस की इस कार्रवाई ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि यह ट्रक अनूपपुर से निकलकर चचाई, अमलाई, बुढ़ार, शहडोल और सोहागपुर जैसे थाना क्षेत्रों से गुजरा, लेकिन किसी ने रोका क्यों नहीं? क्या यह महज़ लापरवाही थी, या फिर किसी बड़े नेटवर्क की मिलीभगत? यह ट्रक पुलिस थानों से कैसे गुजर गया और किसी कैमरे या नाके पर पकड़ा क्यों नहीं गया? पुलिस विभाग दावा करता है कि ठीहों पर कैमरे लगे हैं और सतत निगरानी होती है, फिर अवैध कबाड़ ट्रकों में लोड होकर बाहर कैसे जा रहा है? यह सवाल न केवल अनूपपुर बल्कि शहडोल पुलिस पर भी भ्रष्टाचार और संरक्षण के आरोपों को हवा देता है। सूत्र बताते हैं कि जानू के कई ठीहे बिना कैमरे और बिना पंजीकरण के चल रहे हैं और पुलिस सब जानते हुए भी निगाहें फेर लेती है।

#### उमरिया पुलिस की सराहनीय पहल

इस पूरे प्रकरण में अगर किसी ने सजगता दिखाई है, तो वह है उमरिया पुलिस। पुलिस अधीक्षक विजय भगवानी के निर्देशन और चौकी प्रभारी कोमल दीवान की तत्परता से यह बड़ी सफलता हाथ लगी। इस कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि अगर ईमानदारी और दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो अवैध कारोबारियों का नेटवर्क कितना भी मजबूत क्यों न हो, कानून की पकड़ से नहीं बच सकता। अब देखना यह है कि क्या शहडोल और अनूपपुर जिले की पुलिस इस खुलासे के बाद अपनी नींद से जागेगी या फिर हमेशा की तरह यह मामला कागजों में ठंडा हो जाएगा। क्योंकि अगर इस बार भी जानू कबाड़ी और उसके संरक्षणकर्ताओं पर निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई, तो यह केवल पुलिस तंत्र पर नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की साख पर धब्बा बन जाएगा।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाडी केन्द्रों में बाल विवाह के रोकथाम हेतु दिया गया संदेश

**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि परियोजना उमरिया क्रमांक 01 अंतर्गत आने वाले ग्रामों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रों-मरदरी, चंदवार, छोटी सलैया, बीजापूरी, पूँछी, मगरधरा, लालपुर में किशोरी बालिकाओ द्वारा रंगोली के माध्यम से बाल विवाह रोकथाम का संदेश दिया गया साथ ही उपस्थित ग्रामीणजनों महिला/पुरुष द्वारा शपथ ली गई की अपने ग्राम को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से देवउठनी एकादशी को बाल विवाह ना करने संबंधित जन जागरूकता का प्रचार प्रसार किया जा रहा है । समस्त ग्रामवासियों द्वारा बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से मिटाने के लिए शासन का पूरा सहयोग प्रदान करने के लिए संकल्पित होने का आश्वासन दिया गया है ।

### सीआईजेडआईईए का 12वां क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित

# बीमा कर्मियों के अधिकारों और सरकारी नीतियों पर गूंजेगी आवाज़

शहडोल

सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के तत्वावधान में भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों का 12 वां क्षेत्रीय सम्मेलन 1 से 3 नवंबर 2025 तक शहडोल में आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों के संगठन का एक ऐतिहासिक आयोजन माना जा रहा है, जिसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के 300 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन 1 नवंबर को भव्य शोभायात्रा और उद्घाटन सत्र के साथ किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियां पिछले कई महीनों से चल रही हैं। सम्मेलन के दौरान संगठन की नीतियों, बीमा क्षेत्र में निजीकरण की नीति, एफडीआई की सीमा बढ़ाए जाने, श्रमिक वर्ग की समस्याओं, महंगाई और रोजगार संकट जैसे गंभीर मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी।




#### किया जायेगा पुरजोर विरोध

महासंघ के वरिष्ठ नेता धर्मराज महापात्र, जो कि ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के महासचिव हैं, ने बताया कि यह सम्मेलन सिर्फ कर्मचारियों का नहीं, बल्कि देश के आम नागरिकों के हितों से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम ने 1956 से देश के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है और इसे कमजोर करने के किसी भी प्रयास का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

#### निजीकरण रोकने कदम उठाए

सम्मेलन के पहले दिन एफडीआई की सीमा 100 प्रतिशत किए जाने, एलआईसी के शेयरों को निजी हाथों में सौंपने, श्रमिक अधिकारों पर खतरे और सामाजिक सुरक्षा में गिरावट जैसे विषयों पर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। इसके साथ ही संगठन ने सरकार से मांग की है कि वह महंगाई पर नियंत्रण लाने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और बीमा क्षेत्र में बढ़ते निजीकरण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए। 2 नवंबर को संगठन के आंतरिक कार्यों, लेखा-जोखा और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। कोषाध्यक्ष द्वारा संगठन की वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और आगामी कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। सम्मेलन के समापन सत्र में अगले तीन वर्षों के लिए नए नेतृत्व का भी चुनाव किया जाएगा।

#### जीएसटी समाप्त करने की मांग

महासचिव धर्मराज महापात्र ने बताया कि संगठन देशभर में चलाए जा रहे जनजागरण अभियानों के माध्यम से बीमा क्षेत्र में निजीकरण के दुष्परिणामों से जनता को अवगत करा रहा है। उन्होंने कहा कि बीमा प्रीमियम पर जीएसटी समाप्त करने की मांग को लेकर भी संगठन देशव्यापी अभियान चला रहा है। सम्मेलन में कई प्रमुख वक्ता, संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला प्रतिनिधि और युवा कर्मचारी भाग लेंगे। बीमा क्षेत्र में महिला कर्मियों की भूमिका, सामाजिक सुरक्षा की मजबूती और बेरोजगार युवाओं को अवसर देने जैसे विषयों पर भी विशेष सत्र होंगे।

#### आर्थिक सुरक्षा का प्रतीक

सम्मेलन के दौरान शहडोल नगर पालिका, स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा प्रतिनिधियों का स्वागत किया जाएगा। सम्मेलन में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा और समापन समारोह में गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे। अंत में धर्मराज महापात्र ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की एलआईसी केवल एक संस्था नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आर्थिक सुरक्षा का प्रतीक है। इसे कमजोर करने के किसी भी सरकारी प्रयास का देशभर के बीमा कर्मी एकजुट होकर विरोध करेंगे। उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए आम जनता, कर्मचारियों और राजनीतिक दलों से मिले सहयोग के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

# गरीबों का 1.50 करोड़ का गेहूं हुआ बर्बाद, जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर

**उमरिया।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेहूं के सुरक्षित भंडारण में भारी लापरवाही सामने आई है। जिले के गडरिया टोला स्थित वेयरहाउस में रखा गया करीब 510 मीट्रिक टन (5100 क्विंटल) गेहूं सडक़र पूरी तरह घुनग्रस्त और आटे में तब्दील हो गया है। यह गेहूं गरीब हितग्राहियों के वितरण के लिए रखा गया था, जिसकी कुल कीमत करीब एक करोड़ पचास लाख रुपये बताई जा रही है। मामले की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि यह गेहूं शासन की खरीदी के बाद सरकारी नियंत्रण में ही निजी कंपनी को भंडारण के लिए सौंपा गया था।
बताया गया कि गडरिया टोला में पहले ओपन कैंप बनाया गया था, लेकिन बाद में बीओटी मॉडल (बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर) के तहत प्रदेश सरकार ने इसे 15 वर्ष के अनुबंध पर निजी हाथों में दे दिया। इस वेयरहाउस का संचालन श्री दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जिसका पंजीयन गुना जिले के अशोक सिंह रघुवंशी के नाम पर है और इसके स्थानीय प्रबंधक विकास बर्मन बताए गए हैं।
सूत्रों के अनुसार, इस गोदाम में पिछले वर्ष का 19,592 क्विंटल और वर्तमान वर्ष का 34,101 क्विंटल गेहंग भंडारित था। इसमें इंदवार क्षेत्र की कई सहकारी समितियों का गेहूं भी शामिल था। हैरानी की बात यह है कि गोदाम की जिम्मेदारी डब्ल्यूएलसी उमरिया की प्रबंधक लक्ष्मी मराबी को नोडल अधिकारी के रूप में सौंपी गई थी, परंतु उन्होंने एक बार भी निरीक्षण नहीं किया। इसी लापरवाही का नतीजा है कि हजारों क्विंटल गेहूं सड़ गया और अब उसमें कीड़े रेंग रहे हैं।



ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने इस पूरे मामले पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि शासन गरीबों के लिए अनाज खरीदता है, लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण लाखों रुपये का अनाज गोदामों में सड़ रहा है। वहीं यह सवाल भी उठ रहा है कि जब निजी कंपनी को 15 वर्ष का अनुबंध दिया गया था, तो उसकी निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण की जिम्मेदारी कौन निभा रहा था?
अब जबकि मामला सुर्खियों में आ गया है, प्रशासन ने जांच के आदेश तो दे दिए हैं, परंतु यह जांच लाखों रुपये के सार्वजनिक धन की बर्बादी और गरीबों के अधिकारों से खिलवाड़ का मात्र औपचारिक जवाब न बन जाए, इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

#### इनका कहना है...

गडरिया टोला वेयरहाउस में हमारा 510 मीट्रिक टन गेहूं खराब हो गया है। हमने कंपनी के प्रबंधक को तत्काल सूचना देकर निर्देश दिया है कि वे स्वयं मौके पर जाएं, खराब गेहूं को अलग करवाएं और जिम्मेदारी तय करें। हितग्राहियों को किसी भी कीमत पर सड़ा हुआ अनाज नहीं दिया जाएगा। इस गंभीर लापरवाही के चलते वेयरहाउस संचालक के स्टोरेज चार्ज रोकने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं और कंपनी से पूरी राशि ब्याज सहित वसूली जाएगी। यदि भविष्य में ऐसी घटना दोहराई गई तो कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

**संजय सिंह**
जिला प्रबंधक
नागरिक आपूर्ति निगम, उमरिया


### राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम संपन्न

## विधायक बांधवगढ़ ने दिलाई एकता एवं अखण्डता की शपथ









उमरिया।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को प्रदर्शित करने के लिए जिला मुख्यालय उमरिया स्थित स्टेडियम ग्राउण्ड से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी को विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह,कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ,सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फ़ॉर यूनिटी स्टेडियम से प्रारंभ होकर अस्पताल तिराहा, सगरा तिराहा, रानी दुर्गावती चौक,पुराना बस स्टैंड,जय स्तम्भ चौक,गांधी चौक,रणविजय चौक , कलेक्टर बंगला होते हुए पुनः स्टेडियम पहुँची। रन फॉर यूनिटी में विधायक बांधवगढ़ , कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक , सीईओ जिला पंचायत सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

विधायक बांधवगढ़ ने एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। इस अवसर पर एस डी ओ पी पुलिस नागेंद्र प्रताप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी,जिला कोषालय अधिकारी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल, पी टी एस के प्रशिक्षु, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया का एन सी सी दल, कॉलरी स्कूल, आर सी स्कूल सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में रोपित किए गए पौधे



**उमरिया।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री रणविजय प्रताप सिंह महाविद्याल उमरिया में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने फलदार पौधो का रोपण किया तथा उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया । विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कहा कि इस वर्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर एकता, अखंडता के साथ वातावरण को भी हरा भरा करने का संकल्प लिया गया है । पेड़ मानव जीवन के लिए जीवनदायी हैं। इसलिए आवश्यक है कि किसी भी शुभ अवसर पर पौधों का रोपण करें तथा उसकी सुरक्षा भी करें।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह , मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह,आसुतोष अग्रवाल, ग्राम पंचायत पठारी सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## शासकीय कार्यालयों में दिलाई गई एकता की शपथ

उमरिया।





सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के शपथ कार्यक्रम जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों , महाविद्यालयों तथा स्कूलों में आयोजित किए गए। संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा तथा जिला पंचायत में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। इसी तरह जिला आयुष कार्यालय उमरिया, कृषि विभाग , कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, तहसील कार्यालय नौरोजाबाद, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, महाविद्यालय उमरिया,जल संसाधन विभाग में भी शपथ दिलाई गई।
इस अवसर पर संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी,कर्मचारी, अन्य शासकीय सेवकों को शपथ दिलाई गई कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

## लम्पी बीमारी के प्रकोप से बचाव हेतु उपाय

उमरिया।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने लम्पी बीमारी के प्रकोप से बचाव के संबंध मे कहा है कि जिले के समस्त ग्रामों के पशुओं में बीमारी के रोकथाम के लिये जिले के समस्त पशु चिकित्सक एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों को टीका द्रव्य उपलब्ध कराते हुये अपने-अपने अधिनस्थ ग्रामों में भ्रमण कर लम्पी बीमारी का सधन टीकाकरण एवं बीमार पशुओं का उपचार करें साथ ही साथ प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया है।
उन्होंने बताया कि लम्पी त्वचा रोग पशुओं (गाय-भैंसों) में तेजी से फैलने वाला विषाणु जनित संक्रमक रोग है जो लम्पी वायरस से होता है। संक्रमित पशुओं के शरीर पर परजीवी कीट, किलनी मच्छर, मक्खियों से तथा दूषित जल, दूषित भोजन एवं लार के सर्पक से यह रोग तेजी से अन्य पशुओं में फैल सकता है। इस रोग से प्रभावित शुओं में मृत्यु दर बहुत कम होती है। तथा सामान्यतः 2 से 3 सप्ताह में पशु स्वस्थ्य हो जाता है। लम्पी त्वचा रोग जूनॉटिक नहीं होने से मनुष्यों में इस रोग के उन्होंने बताया कि रोग के प्रमुख लक्षणों में संक्रमित पशु को हल्का बुखार होना, मुंह से अत्याधिक लार तथा आंखो एवं नाक से पानी वहना, पशओं में लिफ नोड्स तथा पैरो में सूजन, दुग्ध उत्पादन में गिरावट, गर्भित पशुओं में गर्भपात एवं कभी-कभी पशु की मृत्यु होना, पशु के शरीर पर त्वचा में बड़ी संख्या में 2 से 3 सेंटीमीटर आकार की कठोर गठाने बन जाना शामिल है।
उन्होंने कहा कि रोकथाम एवं बचाव के उपायः संक्रमित पशु / पशुओं के झुण्ड को स्वस्थ पशुओं से अलग रखे। कीटनाशक और विषाणु नाशक से पशुओं के परजीवी कीट, किल्ली, मक्ती और मच्छर आदि को नष्ट करें। पशुओं के आवास बाड़े की साफ सफाई रखें । संक्रमित क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों में पशुओं के आवागमन को रोके जाने, रोग के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत पशु चिकित्सक से उपचार कराने, क्षेत्र में बीमारी का प्रकोप थमने तक पशुओं के बाजार मेले आयोजन तथा पशुओं के क्रय-विक्रय आदि को रोकने तथा स्वस्थ पशुओं का टीकाकरण कराने की बात कही है।

### थाना चचाई में हुआ रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज चचाई।** विद्युत नगरी चचाई में यह कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जो देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री गृहमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित व स्वतंत्रता सेनानी थे जिनकी 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में देशवासियों को देश की एकता, अखडता आर सुरक्षा का बनाए रखन क लिए हम सभा का आगे आकर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सहयोग करने का संकल्प लेकर सभी गणमान्य नागरिक, हायर सेकेंडरी स्कूल चचाई के प्राचार्य एल डी द्विवेदी, शिक्षकगणों, समस्त थानास्टाफ प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई बाद सभी प्रतिभागियों बालक एवं बालिकाओं का दौड़ कराया गया जिसमें बालिका वर्ग में प्रथम स्थान संध्या सिंह, द्वितीय मनीषा केवट एवं तृतीय स्थान सपना मार्को तथा पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान रीतम सिंह, द्वितीय मूलचंद एवं तृतीय स्थान सचिन सोंधिया ने बाजी मारी, जिन्हें प्रथम पुरस्कार 1501-1501 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1001-1001 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 501-501 रूपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी चचाई सुन्द्रेश सिंह, चौकी प्रभारी देवहरा उनि रंग नाथ मिश्रा, समस्त पुलिस स्टाफ, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चचाई के प्राचार्य, शिक्षकगण, नगर परिषद बरगवां के नगर परिषद उपाध्यक्ष डॉ.राज तिवारी, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना तंवर ग्राम पंचायत केल्हौरी सरपंच रामपाल सिंह, एवं मीडिया के पत्रकार राजेश रजक साथीगण उपस्थित रहे।

## सरस्वती उमावि अमरकंटक में मनाई गई लौह पुरुष जयंती



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक में भारत के लौह पुरुष, स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य लखन द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य ब्रजकिशोर शर्मा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में बलराम साहू, महेंद्र गुप्ता, रवीशंकर तिवारी, श्रीमती अनुराधा सिंह, श्रीमती बिंदु शर्मा, सुरेश बरमैया, अखिलेश द्विवेदी, श्रीमती राधा राठौर, श्रीमती नीतू सिंह एवं किशोर भारती अध्यक्ष शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रार्थना के पश्चात वरिष्ठ शिक्षकों एवं अतिथियों द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन, उनके अदम्य साहस, राष्ट्र निर्माण में भूमिका तथा देश की एकता और अखंडता में उनके योगदान पर आधारित भाषण, निबंध, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यार्थियों का उत्साह और देशभक्ति की भावना देखते ही बनती थी। वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ किया। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को "राष्ट्रीय एकता दिवस" की शपथ दिलाई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने एकता, सद्भाव और देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म तिथि

हरिभूमि न्यूज कोतमा

शुक्रवार को नगर में पुलिस एवं पर्यावरण संरक्षण सारथी समिति के संयुक्त सहयोग से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जन्म तिथि पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया। कार्यक्रम में मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा हरी झंडी दिखाते हुए ठाकुर बाबा धाम से रवाना किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने उत्साह के साथ दौड़ लगाई। ठाकुर बाबा धाम से बस स्टैंड, मुखर्जी चौक होते हुए अटल चौपाटी तक दौड़ किया गया। दौड़ में थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल पुलिस बल एवं नगर के जनप्रतिनिधि, युवा, खिलाड़ी, स्कूल, कॉलेज के छात्र छात्राएं, पुलिस टीम सहित नागरिक शामिल हुए। एकता दौड़ के दौरान पुष्पवर्षा भी की गई। एकता दौड़ के उपरांत राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई गई। दौड़ का मार्ग लगभग 2 किलोमीटर रखा गया था।

## कोतमा पुलिस ने फरार इनामी पशु तस्कर को किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी आरती शाक्य के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में थाना कोतमा पुलिस द्वारा काफी समय से फरार चल रहे पशु तस्कर वाजिद पिता अकलाख निवासी मवेशी बाजार को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 03 मई को थाना कोतमा क्षेत्रांतर्गत अवैध हथियार के साथ पुश तस्करी करने पर थाना कोतमा में धारा 25/27 आर्म्स एक्ट एवं धारा 11 पशुओ के प्रति क्रुरता अधि. 6 (क), 10 म. प्र. पशु परी.अधि. का अपराध आरोपी वाजिद खान एवं अन्य के विरूध्द पंजीबध्द किया गया था। उक्त घटना के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी पूर्व में की जा चुकी है। घटना का एक आरोपी वाजिद खान पिता अकलाख खान निवासी मवेशी बाजार कोतमा मूल निवासी ग्राम उमरपुर थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर उ.प्र.का काफी दिनो से फरार चल रहा था जिसकी निरन्तर पता तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा फरार आरोपियों की पता तलाश व गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए थाना प्रभारी कोतमा को निर्देशित करते हुए पुलिस टीमें गठित की गई थी जिसकी निरन्तर पता तलाश की जा रही थी। मुखबिर तंत्र की सूचना से दबिश देकर वाजिद खान को कोतमा पुलिस द्वारा आज दिनांक 31 सितम्बर को दबिश देकर केसवाही के पास घेराबंदी की जाकर पकड़ा गया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## जिला परिवहन अधिकारी की सख्त कार्रवाई, स्लीपर बसों पर हुई कार्यवाही



**शहडोल।** परिवहन विभाग के आयुक्त के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी अनपा खान के नेतृत्व में जिले में स्लीपर बसों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, निरीक्षण के दौरान कई स्लीपर बसों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पाए गए, जिसके चलते विभाग ने 10 हजार 800 रुपए का टैक्स काटा और 20 हजार रुपए का चालान बनाया गया। इसके अलावा, दो स्लीपर बसों को जब्त कर आगे की कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी अनपा खान ने बताया कि यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों के पंजीयन, परमिट, फिटनेस और अग्नि शमन यंत्र से संबंधित दस्तावेज पूर्ण रखने होंगे।साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी स्लीपर बसें एआईएस-119 मानकों के अनुरूप हों, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आग जैसी स्थिति से यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। श्रीमती खान ने वाहन संचालकों से अपील की है कि वे परिवहन नियमों का पालन करें और अपने वाहनों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप बनाएं। उन्होंने कहा कि विभाग की यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी और नियम तोडने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन ने स्व. चंद्रशेखर त्रिपाठी को दी श्रद्धांजलि

**शहडोल।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन शहडोल के पदाधिकारियों ने समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में अमिट पहचान छोडने वाले स्वर्गीय चंद्रशेखर त्रिपाठी (संपादक, 'समय') को श्रद्धांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के सदस्यों ने उनके निवास स्थल पर पहुंचकर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को भावभीनी यादों के साथ स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्व. त्रिपाठी पत्रकारिता में निष्पक्षता, ईमानदारी और समाज के प्रति संवेदनशीलता के प्रतीक थे।

**सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती**

# रन फॉर यूनिटी देश की एकता एवं अखंडता का प्रतीक

### संदीपनी से प्रारंभ मैराथन दौड़ में शामिल हुये पुलिस एवं छात्र

**बुढ़ार।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को संदीपनी विधालय के छात्रों के साथ मैराथन दौड़ में शामिल हुये पुलिस अधिकारी एवं शिक्षक राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन एवं सुबह 8 बजे मैराथन दौड़ संदीपनी विधालय ग्राउंड से प्रारंभ किया गया जो सिंधी बाजार होते हुए मुरालिया बाग, बिजली आफिस होते हुए वापस संदीपनी विधालय में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने छात्रों को दिलाई।

छात्रों को संबोधित करते हुए टीआई विनय सिंह गहरवार ने कहा कि रन फॉर यूनिटी देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है आज 31 अक्टूबर, राष्ट्रीय एकता दिवस पर हमें भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए, देश की एकता, एवं अखंडता और शक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।







मैराथन दौड़ में शासकीय सीनियर आदिवासी छात्रावास के अधीक्षक विश्व नाथ त्रिपाठी, शिक्षक सीबी शुक्ला,सब इंस्पेक्टर गोविंद भगत, एएसआई राजेन्द्र तिवारी,अनुसूचित जनजाति खेल अधिकारी रजनी मेश्राम पत्रकार आशीष नामदेव, सहित भारी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, पुलिस अधिकारी शामिल रहे।

# आज धूमधाम से होगा तुलसी-सालिगराम विवाह

### देवउठनी एकादशी पर निकलेगी भगवान सालिगराम की बारात



धनपुरी। देवउठनी एकादशी कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष यह पर्व 1नवंबर, दिन शनिवार 25 को श्रीराधा कृष्ण मंदिर धनपुरीं में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु सहित समस्त देवता चार महीने बाद निद्रा से जागेंगे। इसके पहले आषाढ़ माह के शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि को भगवान सोए थे। देवउठनी एकादशी को देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है। भगवान विष्णु के जागने के बाद शुभ और मांगलिक काम शुरू किए जाते हैं।

### शुभ कार्यों की होगी शुरुआत

देवउठनी एकादशी पर माता तुलसी और भगवान सालिगराम का विवाह होता है। इस एकादशी से ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत और शादी, संस्कार, मांगलिक कार्य पूरे होते हैं। इस एकादशी पर व्रत और भगवान विष्णु की पूजा करने से हर तरह के पाप खत्म हो जाते हैं। इस एकादशी पर दीपदान करने से भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी प्रसन्न होते हैं और घर में समृद्धि आती है। देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह के समय कन्यादान करने से कई यज्ञों का पुण्य मिलता है।

### विवाह की तैयारियां पूर्ण

हिंदू धार्मिक संस्था व्दारा श्री राधा कृष्ण मंदिर में तुलसी विवाह की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। श्रीराधे कृष्ण मंदिर प्रांगण में भगवान श्री सालिगराम और तुलसी का विवाह रात में संपन्न कराया जाएगा। हर साल की तरह इस बार

**तुलसी विवाह में वर पक्ष से एसपी सिंह, कन्या पक्ष से अजय चतुर्वेदी होंगे**




भी बड़ी संख्या में भक्तगण तुलसी विवाह में मंदिर पहुंचें और कार्यक्रम को सफल बनाएं इसी के दृष्टिकोण से भक्तों को किसी प्रकार का कष्ट ना हो जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### निकलेगी भव्य बारात

देव प्रबोधिनी एकादशी के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराधा कृष्ण मंदिर में 1 नवंबर दिन शनिवार शांय 8 बजे रथ पर विराजमान भगवान सालिगराम जी की बैंड बाजे आतिशबाजी बड़े धूमधाम के साथ बारात निकाली जाएगी। वार्ड नंबर 5 विलियस नंबर 1 एस पी सिंह जी के निवास से श्रीराधा कृष्ण मंदिर के लिए बारात प्रस्थान करेंगे। कन्या पक्ष से वार्ड नंबर 22 निवासी अजय चतुर्वेदी व परिवार एवं ईस्ट मित्र गण स्वागताकांक्षी होंगे। बारातियों का स्वागत किया जाएगा।

### घर-घर पूजा-विवाह

गौर तलब है कि देवउठनी एकादशी पर घर-घर तुलसी एवं सालिगराम के विवाह का उपक्रम किया जाता है। लोग पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ तुलसी एवं सालिगराम की पूजा गन्ना के मंडप में कर सिंघाड़ा, सकला (कांदा) एवं नए ऋतु फल अर्पित कर भगवान को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं वर्षों से यह परंपरा घर घर निभाई जा रही है भगवान श्री शालिग्राम जी संग तुलसी जी शुभ विवाह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 1 नवंबर शनिवार को नगरवासियों को एक बार फिर जगत के पालनहार भगवान श्री विष्णु जी की शादी में बाराती बनने विवाह में शामिल होने तथा माता तुलसी का पैर पूजने का सौभाग्य प्राप्त होंगे। आप सभी प्रबुद्ध नगर वासी एवं भक्तगण सादर आमंत्रित हैं।

# राजकुमार खरे को भाव भीनी बिदाई

### कालरी क्लब में रंगारंग कार्यक्रम

**बिरसिंहपुर पाली।** एस ई सी एल जोहिला क्षेत्र के पाली उपक्षेत्र के बिरसिंहपुर पाली खदान मे स्वीच बोर्ड अटेन्डर पद पर कार्यरत राजकुमार खरे के सेवा निवृत्ति के अवसर पर आज उन्हें भावभीनी बिदाई अर्पित की गयी। बिदाई समारोह बिरसिंहपुर पाली के कालरी क्लब में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एस ई सी एल के उपक्षेत्रीय प्रबंधक सुमन कुमार बिरसिंहपुर पाली के खान प्रबंधक बीरेन्द्र पुरी , सब इंजीनियर ई&एम विकास शर्मा, पर्सनल प्रबंधक सौरभ तिवारी के साथ श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों में राजेश व्दिवेदी , प्रीतम पाठक इंटका, कुंअर प्रजापति इंटक , प्रदीप सिंह, नंदलाल प्रजापति, दिनेश तिवारी नागेन्द्र शर्मा जी के साथ भारतीय मजदूर संघ के सैकड़ों श्रमिकों, उनके मित्र मंडली, शुभचिन्तको ने समारोह में भाग लेकर भाव भीनी बिदाई अर्पित की।इस कार्यक्रम में अजय दास जी की विशेष उपस्थित दर्ज की गयी। श्री खरे जी के बिदाई समारोह में नगर पालिका परिषद पाली की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान जी, उपाध्यक्ष राजेश पटेल , पार्षद घनश्याम जी, एंव भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ नेता मिथलेश पयासी, के साथ अन्य पदाधिकारियों ने समारोह में भाग लेकर श्री खरे के सुखद जीवन की मंगलकामनाए की।श्री खरे जी को बिदाई के शुभ अवसर पर शाल, श्री फल और



माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया। उपक्षेत्रीय प्रबंधक ने अपने उध्बोधन में कहा की खरे जी अपने सेवा काल को सकुशल पूरा किया। एस ई सी एल में कालरी में हम लोगो को विपरीत परिस्थितियों वातावरण में जाकर जोखिम भरा काम करना पडता है, जिससे श्रमिकों को कई बार अप्रिय स्थित से गुजरना पड़ता है, लेकिन राज कुमार ने इन सब परिस्थितियों से जुझने, निपटने का अद्भुत क्षमता थी, और इसी कला कृति के दम पर आपने आज सकुशल सेवा मुक्त हो रहे हैं, एस ई सी एल प्रबंधन उनके शेष जीवन स्वस्थ और सुखद बीते ईश्वर से कामना करता है। समारोह में भारतीय कोयला मजदूर संघ के पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री और संयुक्त सलाह कार समिति सदस्य राजेश व्दिवेदी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि खरे जी में कार्य क्षमता, संगठन शक्ति, सक्रियता, का कोई मुकाबला नही रहा। आपने जिस कार्य को हाथ में लिया, उसे बखूबी पूरा किया है। नेतृत्व क्षमता के धनी राजकुमार खरे जी का कार्य काल अनुभवों से भरा रहा है। शेष जीवन उनका ऊर्जा से भरा रहे, इसी मंगल कामना ओ के साथ उन्होंने अपनी बात पूरी की। समारोह का कुशल संचालन वरिष्ठ श्रमिक नेता प्रीतम पाठक ने की। उन्होंने संचालन के दौरान श्री खरे जी के यशस्वी जीवन पर प्रकाश डाला।इस समारोह में भारी तादाद में महिला शक्तियों ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय युवा सप्ताह कार्यक्रम का होगा आयोजन

**उमरिया।** जिला युवा एवं कल्याण अधिकारी ने बताया कि 12 जनवरी ''स्वामी विवेकानंद जयंती'' के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। उन्होने बताया कि वर्ष 1995 से निरंतर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा एकीकरण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढावा देने कला और सांस्कृतिक पहलुओं को समझने और सराहने एक -दूसरे की संस्कृतियों का अन्वेषण करना, पारंपरिक कला रूपों को बढावा देना, सांस्कृतिक प्रदर्शन करने हेतु मंच प्रदान करने के उद्देश्यक से खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाना है। इस वर्ष 10 एवं 12 जनवरी भारत मण्डपम, नई दिल्ली में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं हेतु विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के तहत 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026के अन्तर्गत सांस्कृतिक और नवाचार थीम में जिला संभाग एवं राज्य का आयोजन 15 से 29 वर्ष के युवा ,भाषण ,कहानी लेखन ,कविता लेखन ,पेंटिंग , समूह लोकगीत ,समूह लोकनृत्य, , विज्ञान मेला प्रदर्शनी में प्रतिभागिता करेंगें। जिला स्तर पर चयनित युवा संभाग व राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में 10 एवं 11 जनवरी को मेंटर्स के समक्ष प्रस्तुतियां देगें। जिनके आधार पर चयनित युवा 12 जनवरी को प्रधानमंत्री भारत सरकार के समक्ष अपनी फाइनल प्रस्तुति देंगें।

विज्ञान मेला की प्रदर्शनी का समापन राज्य स्तर पर ही हो जायेगा। युवा उत्सव ''सांस्कृतिक और नवाचार थीम''पर आयोजित किया जायेगा जिसमें प्रतिभागिता करने हेतु प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करना व ऑफलाईन फार्म भी भरना अनिवार्य है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय खेल और युवा कल्याण विभाग उमरिया से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का कार्यक्रम सागरेश्वर धाम मंदिर में आज

उमरिया। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का कार्यक्रम 1 नवंबर को सागरेश्वर धाम मंदिर परिसर में सायं 4 बजे से विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियो, कर्मचारियों तथा जिलेवासियों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

# बिजुरी पुलिस ने की 4 स्थाई गिरफ्तारी वारंटों की तामीली



### अवैध रेत उत्खनन पर भी की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं फरार चल रहे वारंटी की तामीली हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में बिजुरी पुलिस के द्वारा जारी वारंटो की तामीली की गई। 30 अक्टूबर को माननीय न्यायालय अमनदीप छाबडा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय कोतमा के न्यायालय से जारी प्रकरण क्रमांक 729/2023 धारा 294,323,506,325,34 ताहि के स्थाई वारंटी भारत सिंह गोड पिता जयनाथ सिंह निवासी बेलगांव को गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया वही माननीय न्यायालय अमनदीप छाबडा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय कोतमा के न्यायालय से जारी प्रकरण क्रमांक 1055/20 धारा 294, 323, 325 के स्थाई वारंटी मुरली सिंह गोंड़ पिता केमला सिंह निवासी थानगांव को गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय अमनदीप छाबडा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय कोतमा के न्यायालय से जारी प्रकरण क्रमांक 1174/2019 धारा 294, 323, 506 ताहि के स्थाई वारंटी संतोष उर्फ दलबीर सिंह गोंड़ पिता मोहन सिंह गौड़ निवासी भालूगुडार बिजुरी को गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय अमनदीप छाबडा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय कोतमा के न्यायालय से जारी प्रकरण क्रमांक 1595/2019 धारा 294,323,506,34,324 ताहि के वारंटी रवि कोल पिता राजकुमार कोल निवासी पडरीपानी बिजुरी को गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। 29 अक्टूबर को मुखबिर सूचना पर ग्राम मझौली में एक लाल रंग का बिना नंबर का महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर ट्राली में अवैध रेत उत्खनन चोरी कर लोड कर परिवहन करते हुए मिलने पर से पकड कर आरोपी चालक दलपत सिंह से रेत संबंधी कागजात टीपी आदि पूछने पर नही होना बताने से वाहन चालक पिता गुलाब सिंह उम्र 30 साल निवासी ग्राम आमादमक थाना केल्हारी जिला एम.सी.बी.छ.ग. के विरूद्ध अपराध धारा 303(2), 317(5), बीएनएस 4/21 खनिज अधिनियम, 130/177(3), 77/177 एम.व्ही एक्ट का अपराध पाये जाने से अपराध सदर कायम कर अनुसंधान मे लिया गया।

# आत्मनिर्भरता की प्रतीक थीं इंदिरा गांधी:अवस्थी

**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा एवं सम्मानपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत इंदिरा गांधी और सरदार पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद कांग्रेस नेताओं अजय अवस्थी, राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, कुलदीप निगम, विष्णु सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के योगदान पर अपने विचार रखे। अजय अवस्थी ने कहा कि 31 अक्टूबर भारत के इतिहास का वह दिन है जिसने देश को गहरा भावनात्मक आघात दिया। इस दिन देश ने अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को खो दिया था। वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रतीक थीं। उनका जीवन संघर्ष, निर्णय क्षमता और दूरदर्शिता का अद्भुत उदाहरण था जिसने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई।उन्होंने कहा कि वर्ष 1966 में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने के बाद इंदिरा गांधी ने कठिन परिस्थितियों में भारत का नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल में भारत ने पाकिस्तान को पराजित कर बांग्लादेश का निर्माण किया, जिससे वे 'आयरन लेडी' के रूप में प्रसिद्ध हुईं। इंदिरा गांधी ने 1974 में भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देश बनाकर विश्व मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत किया। उन्होंने बैंकों के राष्ट्रीयकरण और हरित क्रांति जैसे ऐतिहासिक निर्णय लेकर गरीबों को आर्थिक रूप से सशक्त किया तथा देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया।इसी क्रम में अजय अवस्थी ने भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि पटेल जी स्वतंत्र भारत के महान प्रशासक और दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को एकजुट किया। वे गांधीजी के प्रेरक सहयोगी और किसानों के मसीहा रहे। बारडोली सत्याग्रह की सफलता के बाद ही उन्हें 'सरदार' की उपाधि प्राप्त हुई। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने दोनों महान नेताओं के आदर्शों पर चलने और राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे,पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, वरिष्ठ कांग्रेसी रविंद्र तिवारी, महिला जिलाध्यक्ष संध्या सिंह, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी,राजेश सोंधिया, हीरालाल सोनी, नईम अहमद, प्रीतम दास सोनी, राजू सोनी, विष्णु प्रताप सिंह, ओंकार सिंह, इकबाल अली, अतुल तिवारी, छोटू चौधरी,अजय सनपाल, राम दत्त द्विवेदी, रमेश जयसवाल, विमल कोर्चे आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के अमित बघेल की टिप्पणी से सिंधी समाज में उबाल

**शहडोल।** छत्तीसगढ़ के अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के आराध्य इष्ट देव झूलेलाल साईं जी के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद पूरे देशभर के साथ-साथ शहडोल में भी सिंधी समाज में गहरा आक्रोश फैल गया है। समाज के लोगों ने इसे केवल धार्मिक असम्मान ही नहीं, बल्कि आस्था और संस्कृति पर सीधा प्रहार बताया है। जिले के सिंधी समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि हमारे इष्ट देव झूलेलाल साईं जी मानवता, एकता और प्रेम का संदेश देने वाले देवता हैं, उन पर इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती।

शहर के विभिन्न इलाकों में समाज के लोगों ने बैठकें आयोजित कर विरोध जताया और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। सिंधी समाज ने स्पष्ट कहा है कि यदि अमित बघेल सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते और प्रशासन द्वारा उचित दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाती, तो विरोध और तीव्र किया जाएगा।

सिंधी समाज के संगठनों ने बताया कि यह आंदोलन केवल छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश के अन्य राज्यों मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में भी समान रूप से विरोध स्वरूप ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

शहडोल में भी समाजजन आगामी दिनों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन और प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो यह आंदोलन राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप ले लेगा।

# गोहराडू की 'लूट' में 'सिंडिकेट' का हाथ, प्रशासन पर मिलीभगत के गंभीर आरोप

### पयारी- देवगवां क्षेत्र में हरद बीट से बेखौफ निकल रही रेत

**हरिभूमि न्यूजजमुना/बदरा।** सरकारी आदेशों और प्रतिबंधों को ठेंगा दिखाते हुए इन दिनों ग्राम पंचायत पयारी क्रमांक 1, देवगवां और देखल के बांधवाटोला क्षेत्र से होकर बहने वाली गोहराडू नदी रेत माफियाओं के कब्जे में नजर आ रही है। प्रशासनिक सख्ती और प्रतिबंधों के तमाम दावे कागज़ों तक सीमित हैं क्योंकि मैदान में रेत का अवैध उत्खनन खुलेआम और दिनदहाड़े जारी है। रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर नदी का सीना चीरकर रेत की चोरी कर रहे हैं और यह सब कुछ वन विभाग के हरद बीट व देवगांव क्षेत्र में हो रहा है। जहाँ कागजों में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। सूत्रों के मुताबिक, हरद बीट, देवगांव और देखल क्षेत्र अब अवैध खनन का सबसे बड़ा



अड्डा बन चुके हैं, जहाँ दिन-रात ट्रैक्टरों की आवाजाही बनी रहती है और पूरा प्रशासनिक अमला मूकदर्शक बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह लूट किसी छोटे-मोटे गिरोह का काम नहीं, बल्कि एक संगठित सिंडिकेट का हिस्सा है, जिसमें पुलिस, वन विभाग, खनिज विभाग और प्रभावशाली ठेकेदारों की मिलीभगत शामिल है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार से सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है, जबकि कुछ अधिकारियों की जेबें भर रही हैं। फुनगा चौकी क्षेत्र में भी यह अवैध रेत परिवहन जोरों पर है, जहाँ रात के समय ट्रैक्टर बिना रोक-टोक के गुजर रहे हैं। पुलिसिया नियंत्रण पूरी तरह से निष्क्रिय या जानबूझकर विफल कर दिया गया है। इसी शिथिलता और संरक्षण के कारण गोहराडू नदी का पारिस्थितिक संतुलन खतरे में है। लगातार रेत निकाले जाने से नदी की गहराई, प्रवाह और किनारों का स्वरूप तेजी से बिगड़ रहा है, जिससे खेती और भूजल स्तर पर भी विपरीत असर देखा जा रहा है। कई ट्रैक्टर चालकों ने यह खुलासा किया है कि वे ठेकेदार से लेकर स्थानीय संबंधित अधिकारियों तक को पैसा देते हैं, तभी उन्हें नदी से रेत निकालने और परिवहन करने की खुली छूट मिलती है। इससे साफ है कि यह अवैध कारोबार एक सुनियोजित और संरक्षण प्राप्त नेटवर्क के तहत चल रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस 'रेत सिंडिकेट' पर तत्काल रोक लगाने, दोषी अधिकारियों की जांच कराने और नदी क्षेत्र की नियमित निगरानी की मांग की है। फिलहाल, क्षेत्र में चर्चा का सिर्फ एक सवाल गूंज रहा है कि क्या गोहराडू की रेत को बचाया जा सकेगा या यह 'सिंडिकेट' यूँ ही प्रशासन की आंखों में धूल झोंकता रहेगा।

### रुक-रुककर बारिश और तेज हवाओं ने मौसम का बदला मिजाज

# मोंथा की बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा 'पानी'

**किसानों को झेलनी पड़ रही दोहरी मार**

**इधर बर्बाद हुई फसल के सर्वे का कलेक्टर ने दिये निर्देश**

मोंथा चक्रवात के असर से जिले भर में रुक-रुककर बारिश और तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। तापमान में गिरावट से ठंड ने दस्तक दी है, लेकिन इस बारिश ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। खेतों में खड़ी और कटी धान की फसलें अब खतरे मे है। मोंथा चक्रवात के कारण मौसम ने अचानक करवट ले ली है। दो दिन से आसमान में छाये बादल रुक-रुककर बरसते रहे। तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश ने जहां लोगों को ठंड का अहसास कराया, वहीं किसानों की चिंता बढ़ा दी है वही जिले की स्थिति और चौपट हो रहे फसल की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल क्षेत्र का निरीक्षण करने और राजस्व विभाग के तमाम अधिकारियों का दल गठित कर क्षेत्र में जाकर पांच दिवस के भीतर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** धान की फसल अपने अंतिम चरण में है और खेतों में कटाई चल रही थी, लेकिन इस बारिश ने मेहनत पर पानी फेर दिया है। बुधवार-गुरुवार को सुबह से ही मौसम बदला-बदला रहा। पहले हल्की बूंदाबांदी और फिर तेज हवा के झोंकों के साथ हुई बारिश ने फिजाओं में ठंडक घोल दी। तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मोंथा चक्रवात का असर गुरुवार तक ही रहेगा शुक्रवार से मौसम सामान्य हो जाएगा और आसमान साफ होने की संभावना है, लेकिन ऐसा नही हुआ। हालांकि जिले मे लगभग सप्ताह भर से मौसम मे बदलाव देखा जा रहा है।

**किसानों की बढ़ी चिंता**

जिले के किसानों के चेहरों पर चिंता साफ झलक रही है। कई जगहों पर खेतों में कटे हुए धान के पूले पड़े हैं जो अब भीग गए हैं। इससे दाने सड़ रहे हैं और अंकुरित भी हो चुके हैं। बलबहरा के किसान शिवकुमार कुशवाहा ने बताया कि बेमौसम बारिश ने फसल बर्बादी की आशंका बढ़ा दी है। धान की फसल अब कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन बारिश ने काम रोक दिया है। खेतों में पानी भर गया है और धान गिरने लगा है। बारिश ने किसानों के काम को ठप कर दिया है। धान की कटाई जहां पूरी नहीं हो पाई, वहीं आलू और गेहूं की बुवाई भी प्रभावित हुई है। खेतों में पानी भर जाने से किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। किसानों ने कहा कि धान के पूले खेत में पड़े हैं, बारिश ने सब भिगो दिया। अगर धूप नहीं निकली तो पूरा नुकसान तय है।

**हवा व बारिश ने फिजा मे घोली ठंडक**

तेज हवाओं व बारिश के कारण तापमान में अचानक गिरावट आई है। सुबह और शाम के समय ठंडक बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, मोंथा तूफान बंगाल की खाड़ी से उठकर मध्यप्रदेश में पहुंचा है। इसके चलते नमी बढ़ी और हवाओं की दिशा बदल गई। कृषि विज्ञान मौसम के वैज्ञानिकों के अनुसार, मोंथा चक्रवात के कारण पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ गया है। इससे प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई है। यह असर अस्थायी है। उन्होंने यह भी बताया कि इस समय किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि बेमौसम बारिश फसलों की गुणवत्ता पर गहरा असर डालती है।

**बर्बाद हुई फसल के सर्वे का कलेक्टर का निर्देश**

जिले में लगातार बारिश के कारण जिलेभर के अधिकांश क्षेत्रों में फसलें बर्बाद हुई हैं। जिस कारण से जिले के किसानों को काफी परेशानी हो रही है। किसानों ने बताया कि लगातार बारिश होने के कारण धान की फसल नष्ट हो रही है और अब वह सड़ने की स्थिति में पहुंच चुकी है वही सोयाबीन की फसल भी बर्बाद हो गई है जिससे अब किसान काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। बीमा कंपनियां से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि उनके बर्बाद हुई फसल की क्षतिपूर्ति की जाए। ऐसे में जिले की स्थिति और चौपट हो रहे फसल की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने तत्काल क्षेत्र का निरीक्षण करने और राजस्व विभाग के तमाम अधिकारियों का दल गठित कर क्षेत्र में जाकर पांच दिवस के भीतर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। जारी आदेश में बताया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सूची बनाकर उसे ग्राम पंचायत में चस्पा किया जाएगा और आपत्ति उपरांत सूची फाइनल करके सहायता राशि मंजूर की जाएगी। दूसरी ओर कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि कटे हुए धान को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएं। यदि खेतों में पानी भर गया है तो जल निकासी की व्यवस्था करें ताकि फसल को सड़ने से बचाया जा सके। फसल बीमा योजना के तहत यदि नुकसान होता है तो उसका दावा किया जा सकता है।

## नपा सुलभ शौचालय का प्रस्ताव देगी तो रेल मंडल परीक्षण कर करेगा अनुमोदन

**बिलासपुर डीआरएम ने अरविंद बियानी को किया ट्वीट**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर जंक्शन स्टेशन पर सुलभ शौचालय को लेकर नगर के जागरूक नागरिक अरविंद बियानी ने रेल मंत्री सहित बिलासपुर रेलवे महाप्रबंधक एवं बिलासपुर रेल प्रबंधक को ट्वीट कर अनूपपुर जंक्शन स्टेशन के रेल परिसर क्षेत्र में यात्रियों के लिए किसी तरह के सुलभ काम्प्लेक्स गेट के बाहर नहीं होने पर ट्वीट किया एवं समाचार पत्रों की कटिंग भेजा, जिस पर बिलासपुर के डीआरएम राजमल खोईवाल ने ट्वीट कर कहां है कि स्टेशन परिसर पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के अनुरूप शौचालय उपलब्ध और कार्यशील हैं। स्टेशन के बाहर के क्षेत्र और निकटवर्ती स्थानों पर शौचालय का प्रावधान नहीं है। यदि स्थानीय नगरपालिका सुलभ शौचालय लगाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करती है,तो रेलवे उसकी व्यवहार्यता का परीक्षण कर अनुमोदन करेगा। देखा जा रहा है कि अनूपपुर रेलवे जंक्शन स्टेशन पर आम पब्लिक एवं यात्री जो गेट के बाहर रहते हैं उनके द्वारा जगह-जगह पेशाब कर दिया जाता है और बच्चों आदि को शौच भी करा दिया जाता है। जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध ही दुर्गंध फैलती है।कई बार रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जुर्माना वसूल भी किया गया। लेकिन उसके बावजूद भी नजर का फायदा उठाकर लोग गंदगी ही गंदगी कर देते हैं।जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार जिला विकास मंच के संयोजक वासुदेव चटर्जी एडवोकेट एवं भगवा पार्टी के महामंत्री वरुण चटर्जी ने भी इस संबंध में ज्ञापन देकर मांग की थी लेकिन वह मांग आज दिनांक तक पूरी नहीं हुई। जिसको लेकर जागरूक नागरिक अरविंद बियानी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से लेकर बिलासपुर जोन एवं बिलासपुर रेल प्रबंधक को ट्वीट द्वारा जानकारी दी। जिस पर बिलासपुर रेल प्रबंधक ने समाधान कारक जवाब दिया है। अब आवश्यकता है कि नगर पालिका अध्यक्ष नगर के नागरिकों एवं नगर में आने वाले यात्रियों के लिए एक सुलभ शौचालय का प्रस्ताव (पे एंड यूज) का बिलासपुर रेल मंडल प्रबंधक को स्टेशन मास्टर अनूपपुर के मार्फत भेजें तो उसके लिए रेलवे द्वारा जगह एलाट की जाएगी और उसके निर्माण हो जाने से निश्चित ही यात्रियों को परेशानियों से मुक्ति मिलेगी एवं स्टेशन परिसर का क्षेत्र भी स्वच्छ एवं साफ रहेगा।

## विचरण करते खांड़ा पहुंचा भालू



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** तहसील थाना एवं वन परिक्षेत्र के खांड़ा गांव में शुक्रवार की सुबह विचरण करते हुए एक वन्यप्राणी भालू प्रवेश कर गया जिसकी सूचना मिलने पर अनूपपुर वनविभाग का मैदानी अमला भालू के विचरण क्षेत्र में पहुंचकर निरंतर निगरानी करते हुए भालू को ग्रामीण क्षेत्र से जंगल की ओर भेजने की कोशिश कर रहा है। यह भालू शुक्रवार की सुबह कोदैली, रामपुर गांव की सीमा के मध्य कठना नदी के किनारे से खांडा गांव में चंद्रभूषण मिश्रा के खेत एवं खेत से लगे मुख्य मार्ग के किनारे तेलरी तालाब के समीप पहुंचकर झाड़ियो में कुछ देर छिपकर बैठा रहा झाड़ियो से निकलकर पटाखा फोडने पर कठना नदी की ओर जाकर फिर वापस खांडा गांव के ठाकुरबाबा, अमरहाई तालाब एवं अस्पताल, हाईस्कूल के मध्य विचरण कर रहा है। भालू के विचरण की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई जिसे वनविभाग के द्वारा भालू से दूर रखा गया है।

## सायबर सेल अनूपपुर ने 2 गुमे मोबाइल आवेदकों को किया सुपुर्द



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 25 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र भगत, जो ड्यूटी हेतु अमरकंटक गए हुए थे। उनकी ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन गुम हो गया था। इस संबंध में उन्होंने थाना अमरकंटक एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी प्रकार, आवेदक मदरू चौधरी, निवासी ग्राम सेन्दुरी, थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा 24 सितम्बर को थाना कोतवाली अनूपपुर में लिखित शिकायत दी गई थी कि उनका मोबाइल थाना कोतवाली क्षेत्र में कहीं गिर गया है। दोनों शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सायबर सेल अनूपपुर द्वारा मोबाइलों की लोकेशन ट्रेस की गई, जिसमें पता चला कि दोनों मोबाइल छत्तीसगढ़ राज्य में सक्रिय हैं। तत्पश्चात सायबर सेल पेण्ड्रा गौरेला मरवाही (छ.ग.) के सहयोग से दोनों मोबाइल बरामद कर आज दिनांक 31 अक्टूबर को आवेदकों को विधिवत सुपुर्द किए गए। अब तक वर्ष 2025 में, लगभग 500 गुम मोबाइल फोन पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सायबर सेल अनूपपुर एवं थाना स्तर की सक्रिय कार्यवाही से बरामद कर संबंधित आवेदकों को सुपुर्द किए जा चुके हैं। इस कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी प्र.आर. राजेन्द्र अहिरवार, आर. पंकज मिश्रा एवं आर. राजेन्द्र केवट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सरकारी एकीकृत विद्यालय सामतपुर में एफएलएन मेला

**बच्चों के सर्वांगीण विकास का हुआ आंकलन**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासकीय एकीकृत विद्यालय सामतपुर में 30 अक्टूबर दिन गुरुवार को प्रथम चरण के एफ.एल.एन. मेला-कुम-रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की बौद्धिक, भाषा, गणितीय तथा शारीरिक क्षमताओं का प्रस्तुतीकरण कर अभिभावकों को शिक्षा के प्रारंभिक स्तर पर उनके विकास से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती रंजीता गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि कक्षाओं में साक्षरता एवं संख्यात्मक कौशल का विकास ही भावी शिक्षा का आधार होता है। इसी पथ पर विद्यालय द्वारा बच्चों को भाषा एवं गणित की बारीकियों के साथ शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दक्षताओं से भी परिचित कराया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत विद्यालय में अभिभावकों को आमंत्रित कर बच्चों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का स्वरूप प्रस्तुत किया गया। बच्चों की शारीरिक वृद्धि एवं स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट अभिभावकों को प्रदान की गई। इसके साथ-साथ भाषा-विकास प्रदर्शनी में बच्चों ने पठन, लेखन, वर्ण पहचान, शब्द निर्माण तथा कहानी कथन जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी योग्यता दर्शाई। गणित पूर्व-तैयारी अनुभाग में वस्तु-गणना, चिन्ह पहचान, संख्या कल्पना, पैटर्न बनाना, आकार पहचान, जोड़-घटाव की प्रारंभिक अवधारणाएँ तथा दैनिक जीवन में गणितीय समझ के प्रदर्शन ने अभिभावकों को प्रभावित किया। वहीं 'बच्चों का कोना' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहाँ नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और हस्तकौशल झलका। अभिभावकों ने विद्यालय की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं बल्कि माता-पिता को भी उनके विकास की वास्तविक स्थिति समझने का अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय शिक्षकों ने भी उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को घर पर अनुकूल शैक्षिक वातावरण देने और नियमित रूप से विद्यालय गतिविधियों में सहभागिता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य ने अभिभावकों और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एफ एल एन मेला में कक्षा 1 में दर्ज संख्या 10 उपस्थित 08और विद्यार्थी एवं कक्षा 2में दर्ज संख्या 09 उपस्थित 07 प्रारंभिक विद्यार्थियों की रही।



## आज देवउठनी एकादशी से शुरू होंगे शुभ कार्य

**चार माह की योग निद्रा से जागेंगे भगवान विष्णु**

**तुलसी विवाह से होगी मांगलिक कार्यों की शुरुआत**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** देवउठनी एकादशी को हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागने का प्रतीक होता है और इसके साथ ही भगवान विष्णु के द्वारा सृष्टि संचालन का पुनः आरंभ होता है। इस दिन को प्रबोधिनी एकादशी या देवोत्थान एकादशी भी कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 01 नवंबर को सुबह 09 बजकर 11 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 02 नवंबर को सुबह 07 बजकर 31 मिनट पर होगा। पंचांग को देखते हुए इस साल देवउठनी एकादशी 01 नवंबर को मनाई जाएगी। इसी दिन चातुर्मास खत्म होगा और शुभ कार्यों की शुरुआत होगी। इसके साथ विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, भूमि पूजन, यज्ञोपवीत संस्कार सहित तमाम मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु अपनी चार महीने की योग-निद्रा से जागते हैं। इसके बाद वे पुनः सृष्टि का संचालन अपने हाथ में ले लेते हैं। भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागने के साथ चार माह से रुके मांगलिक कार्य होने लगेंगे। ज्योतिषाचार्य के अनुसार पौराणिक मान्यता के अनुसार चातुर्मास के दौरान सभी शुभ और मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। यह अवधि जुलाई में शुरू होती है और लगभग 122 दिन तक चलती है। देवउठनी एकादशी के दिन से शुभ कार्यों की पुनः शुरुआत होती है।

**दो महीने में विवाह के 17 शुभ मुहूर्त**

देवउठनी एकादशी के बाद पंचांग के अनुसार इस बार दो महीने में विवाह के 17 शुभ मुहूर्त हैं। वहीं, मार्च तक 29 दिन शादियों के लिए मंगलकारी होंगे। इन मुहूर्त में लोग विवाह, मुंडन इत्यादि सभी संस्कार कर सकेंगे। पंडित रमन वत्स ने बताया कि देवउठनी एकादशी से दिसंबर तक विवाह के कुल 17 मुहूर्त हैं। इसमें चार मुहूर्त गृह प्रवेश के लिए अत्यंत शुभ हैं, वहीं छह मुहूर्त नया व्यवसाय शुरू करने के लिए उत्तम व लाभकारी हैं। दो व तीन नवंबर, पांच, आठ नवंबर, 12, 13, 16 से 18 के बाद 21 से 23 और 25 व 30 नवंबर पर विवाह के लिए शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद चार से छह दिसंबर को भी विवाह के शुभ संयोग बन रहे हैं। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए नवंबर में तीन, सात, आठ व दस तिथि के साथ 27 व 30 को शुभ मुहूर्त है। शादियों का सीजन करीब आने से बाजारो में रौनक भी बढ़ गई है। बाजार में कपड़ों, साड़ी-लहंगा, सर्राफ, ज्वैलरी, होजरी की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही हैं। शादी वाले घरों में इसकी अलग ही रौनक दिख रही है। शादी वाले घर की महिलाएं परिधान व अन्य सामान की खरीदारी में व्यस्त हैं। इसके साथ ही सौंदर्य प्रसाधनों की मांग भी बढ़ने लगी है।



## भ्रष्टाचार के लेप से तैयार हो रहा सोन नदी पर पुल

**घटिया सीमेंट, बाल मजदूरी और रात में बोरियां जलाने का खेल**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** लोक निर्माण विभाग (सेतु परियोजना) के अंतर्गत सोन नदी पर 4.78 करोड़ की लागत से बन रहे पुल निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का मामला गंभीर रूप लेता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में अल्ट्राटेक कंपनी का घटिया और गुणवत्ता-विहीन सीमेंट लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं, रात के समय खाली बोरियाँ जलाकर सबूत मिटाए जाते हैं, ताकि घटिया सामग्री के उपयोग की सच्चाई सामने न आ सके। ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण में पतली आरसीसी डालकर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। कई बार रात में चोरी-छिपे कार्य किया जाता है ताकि निरीक्षण और गुणवत्ता परीक्षण से बचा जा सके। इसके साथ ही, बाल मजदूरी का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है, जो न केवल श्रम कानूनों का उल्लंघन है बल्कि गंभीर अपराध भी है

**मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक पहुंची शिकायत**

इस पूरे मामले की शिकायत पूर्व उपसरपंच परौर उमाकांत ऊईके और समाजसेवी गुलाब रजक द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित कई विभागों में की गई है। हालांकि अब तक न तो कोई जांच शुरू हुई है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञात हो कि यह पुल गौरेला-पेंड्रा मार्ग पर सोन नदी पर बनाया जा रहा है, जो आसपास के कई गाँवों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। निर्माण कार्य का अनुबंध एम. क्लासिक इन्फ्रास्ट्रक्चर सेवा (ज.प्र.) को दिया गया है, जिसकी निगरानी लोक निर्माण विभाग, सेतु परियोजना शिवा द्वारा की जा रही है। लगभग 4.78 करोड़ की लागत से बन रहे इस पुल की कार्यावधि 24 माह थी, परंतु समय सीमा बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस पुल निर्माण की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए, ताकि घटिया सामग्री, भ्रष्टाचार और मिलीभगत का पूरा सच सामने आ सके।



## एएसपी ने भालूमाड़ा थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** अनूपपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने 31 अक्टूबर को कोयलांचल नगरी भालूमाड़ा थाना पहुंचे, जहां उन्होंने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी श्री मरकाम ने पुलिस बल की उपस्थिति, अनुशासन और थाने की समग्र कार्यप्रणाली की जानकारी ली उन्होंने थाने में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की परेड का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए इसके बाद उन्होंने थाने के पूरे परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कमियों को सुधारने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। श्री मरकाम ने थाना परिसर के सभी कमरों, अभिलेखों, मालखाना, हवालात और रिकॉर्ड रूम का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और जनता से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निपटान पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी दशरथ बागड़ी सहित थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा एएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखें।

## कपिलधारा के जंगल में मिला परिक्रमावासी का शव



**नर्मदा समग्र के कार्यकर्ताओं ने निभाई अहम भूमिका**

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मां नर्मदा की पवित्र परिक्रमा के दौरान एक परिक्रमा वासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो जाने की खबर से पूरा क्षेत्र शोक और चिंता से व्यथित है। शुक्रवार को कपिलधारा (जिला डिंडोरी) के घने जंगलों में पंचकोसी कच्चा परिक्रमा मार्ग पर एक व्यक्ति का शव मिला, जिसने श्रद्धालुओं को स्तब्ध कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, शव के पास रखा बैग बंदरों ने फाड़ दिया था और मृतक का सामान चारों ओर बिखरा पड़ा था। पास में मिली पूजा सामग्री, परिक्रमा मार्ग से जुड़ी पुस्तिका और आय-व्यय दर्ज करने वाली नोटबुक उनके तपस्वी जीवन की गवाही दे रही थीं। आधार कार्ड से मृतक की पहचान विधूत बैरा नामक व्यक्ति के रूप में हुई। सूचना मिलते ही नर्मदा समग्र संस्था के कार्यकर्ता सक्रिय हुए। उन्होंने तत्परता से नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते को जानकारी दी और प्रशासनिक टीम को जंगल के भीतर तक पहुँचाने में सहयोग किया। उनकी सक्रियता के कारण डिंडोरी जिला के करंजिया थाना से प्रधान आरक्षक जीवनलाल कोल और आरक्षक शिवपाल कौरव शीघ्र मौके पर पहुँचे, जिन्होंने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम हेतु करंजिया भेजा। पुलिस ने प्रारंभिक जाँच आरंभ कर दी है और परिजनों की तलाश जारी है। नर्मदा समग्र के कार्यकर्ताओं ने बताया कि मृतक कई दिनों से कपिलधारा क्षेत्र में अकेले परिक्रमा कर रहे थे। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए तथा परिक्रमा वासियों के लिए सहायता केंद्र स्थापित किए जाएं। स्थानीय श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने नर्मदा समग्र की त्वरित एवं मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी तत्परता से ही यह सूचना समय पर प्रशासन तक पहुँच सकी और आगे की कार्रवाई संभव हो पाई।

# मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर लाखों के मोबाइल ले गए चोर

**सीसीटीवी में कैद हुआ चोर, फोरेंसिक एवं पुलिस जांच में जुटी**

**हरिभूमि न्यूज कोतमा** नगर के मुखर्जी चौक में स्थित जय माता दी मोबाइल शॉप में 6 लाख रुपए के मोबाइल चोरी का मामला सामने आया है। गुरुवार की दरमियानी रात को चोरों ने दुकान की टीन काटकर 30 से 35 नग मोबाइल महंगे कंपनी के चोरी कर ले गए साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी की हार्ड डिस्क भी तोड़ते हुए छत में फेक कर फरार हो गया। घटना की जानकारी दुकान संचालक पंकज गुप्ता को शुक्रवार की सुबह लगी जब दुकान खोला और देखा कि ऊपर की सीलिंग टूटी होने के साथ छत की टीन काटकर घुसे चोर ने दुकान के डिस्प्ले से ब्रांडेड मोबाइल गायब है साथ ही दुकान का पूरा समान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ है। घटना की सूचना थाना में दिए जाने पर थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगालने में जुट गए हैं। बड़ी चोरी की घटना को लेकर फोरेंसिक टीम के द्वारा भी घटनास्थल का मुआयना करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्र किया गया है। चोरी किये स्थल एवं बाजार में लगे नपा के कैमरों में एक नकाबपोश चोर की गतिविधियां सामने आई हैं। जो रात ढाई बजे के आस पास पूरे बाजार क्षेत्र में आराम से घूमने के बाद मुखर्जी चौक के पास स्थित दुकान के बगल की पान दुकान से चढ़कर टीन को काटते हुए दुकान के अंदर प्रवेश करते नजर आ रहा हैं। नकाबपोश चोर नीले रंग की शर्ट पहनकर ढाई घंटे तक बेखौफ चोरी करने के बाद सुबह 5 बजे दुकान से निकलकर भागते दिख रहा है। बैग में चोरी किया मोबाइल एवं अन्य समान के साथ फरार हो गये। मोबाइल दुकानदार पंकज गुप्ता के द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस की फोरेंसिक एवं साइबर टीम के द्वारा फुटेज एवं हार्ड डिस्क की जांच कर चोर की तलाश में पुलिस जुटी है।



**इनका कहना है**

चोरी होने की सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच की जा रही है। साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है नगर मे लगे कैमरों के सी सी फुटेज खगाले जा रहे हैं आरोपी को पकड़ने का प्रयास जारी है।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

